# ग्रामीण क्षेत्र को मिली विकास की नई सौगात

▸ विधायक ठाकुरदास नागवंशी की मौजूदगी में 4.21 करोड़ की सड़क का भूमिपूजन



**नवभारत न्यूज**
**बनखेड़ी, 19 जुलाई. रविवार को लोकनिर्माण विभाग द्वारा नयागांव से हनोतिया ग्राम तक बनने वाली 4.20 किलोमीटर लंबी सड़क का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ. 4.21 करोड़ की लागत से बनने वाली इस सड़क के भूमिपूजन कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक ठाकुरदास नागवंशी मुख्य रूप से मौजूद रहे.**

उनके साथ होशंगाबाद-नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने विकास कार्य की आधारशिला रखी. ?पिपरिया विधानसभा के विकास के लिए निरंतर सक्रिय विधायक श्री ठाकुरदास नागवंशी की उपस्थिति में हुए इस भूमिपूजन से स्थानीय ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया. क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने में विधायक की भूमिका महत्वपूर्ण रही है. इस सड़क के निर्माण से नयागांव और हनोतिया सहित आस-पास के दर्जनों गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा. ?विधायक नागवंशी और सांसद चौधरी की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के कई वरिष्ठ नेता और जनप्रतिनिधि शामिल हुए, जिनमें पूर्व जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता ?नवनीत नागपाल, गोपाल दास दूदानी, अर्चना साहू, संजीव मालानी, प्रशांत रघुवंशी, राजाभैया पटेल, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सराठे, मंडल अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य भागवती रमेश पटेल, मीडिया प्रभारी गजेन्द्र सिंह पटेल, सरपंच जीजनबाई ठाकुर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीणजन उपस्थित रहे.

# रेलवे स्टेशन पर वेंडरों पर प्रशासन की कार्रवाई


▸ एक्सपायरी ब्रेड, दूषित सामग्री, 1 क्विंटल 85 किलो पीडीएस नमक और 3 गैस सिलेंडर जब्त



**इटारसी / नर्मदापुरम, 19 जुलाई. नर्मदापुरम कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर जिला प्रशासन ने इटारसी रेलवे स्टेशन से जुड़े खानपान वेंडरों के खिलाफ संयुक्त छापेमार कार्रवाई की. अपर कलेक्टर राजेश शुक्ला, एसडीएम नीलेश शर्मा और एसडीओपी वीरेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में गठित टीम ने खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता मानकों की जांच करते हुए कई अनियमितताएं पकड़ीं.**

जांच के दौरान कुछ वेंडरों के यहां बेहद अस्वच्छ परिस्थितियों में भोजन तैयार किया जाता मिला. एक स्थान से एक्सपायरी डेट वाली ब्रेड बरामद हुई, जिसका सैंपल जांच के लिए भेजा गया. वहीं बड़ी मात्रा में पकी आलू की सब्जी, आलू और अन्य संदिग्ध खाद्य सामग्री भी मिली, जिसे नगर पालिका ने नष्ट करने की कार्रवाई शुरू कर दी. कार्रवाई के दौरान सबसे गंभीर मामला 1 क्विंटल 85 किलो पीडीएस नमक मिलने का सामने आया. प्रशासन यह जांच कर रहा है कि शासकीय वितरण का नमक निजी वेंडरों तक कैसे पहुंचा. इसके अलावा तीन गैस सिलेंडर भी जब्त किए गए, जिनकी वैधता और सुरक्षा मानकों की जांच की जा रही है.

## एक नजर में



### बारिश से धान की फसल को मिला जीवन

**नर्मदापुरम.** लंबे समय से उमस और भीषण गर्मी झेल रहे शहरवासियों को रविवार शाम हुई बारिश ने बड़ी राहत दी. मानसून के धीरे-धीरे सक्रिय होने के साथ हुई रिमझिम फुहारों ने मौसम का मिजाज बदल दिया. बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई और ठंडी हवाओं से लोगों को उमस से राहत मिली. मौसम विभाग के अनुसार जिले में आगामी कुछ दिनों तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है. इससे न केवल आमजन को राहत मिलेगी, बल्कि किसानों के लिए भी यह बारिश किसी वरदान से कम नहीं है. बारिश के अभाव में खेतों में पानी की कमी से मुरझाने लगी धान की फसल को इस वर्षा से नया जीवन मिला है. समय पर हुई बारिश से फसलों की बढ़वार में मदद मिलेगी और खेती-किसानी के कार्यों में तेजी आएगी. वहीं शहर के लोगों ने भी लंबे इंतजार के बाद हुई बारिश का आनंद लिया और मौसम सुहावना होने से राहत महसूस की.

### बारिश होने से किसानो ने राहत की सांस

**पिपरिया, 19 जुलाई.** पिछले लगभग 12 दिनो से तेज बारिस नही होने से जनजीवन अस्त व्यस्त हुआ व किसानो की फसले प्रभावित होने लगी. एकाएक बारिस हो जाने से मौसम में ठंडक आई व किसानो ने राहत की सांस ली..पिछले दिनो लगातार बारिस रूक जाने से धान की फसल रोपाई के बाद प्रभावित हुई. वही कई जगह धान की रोपाई ही नही हो पाई जिससे परेशान किसान चिंतित थे. विद्युत वितरण कम्पनी की अघोषित कटौती से भी फसले प्रभावित हो रही थी. बारिस हो जाने से नागरिको को गर्मी व उमस से राहत मिली व खेतो में लबालब पानी भरा गया .पिछले दिनो बारिस न होने के कारण नलकूपो से भरे पानी के गरम हो जाने,गर्मी के कारण पानी सूख जाने से खेतो में दरारे आने लगी थी व कही कही फसले पीली होकर सूखने लगी थी. बारिस ने किसानो के लिये भी राहत दी है.

### सामाजिक अंकेक्षण विशेष ग्राम सभा का आयोजन हुआ

**पिपरिया, 19 जुलाई.** सामाजिक अंकेक्षण विशेष ग्राम सभा का आयोजन बीजनवाडा पंचायत में किया गया. मनरेगा योजना अंतर्गत एक अप्रेल 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि में कराये गये 47 हितग्राही मूलक एवं 7 सामुदायिक निर्माण कार्यो के भौतिम,मौखिक एवं दस्तावेजी सत्यापन पश्चात ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सामाजिक अंकेक्षण विशेष ग्राम सभा का आयोजन राजकुमार पाठक की अध्यक्षता में किया गया. ग्राम सभा में ग्राम सामाजिक एनिमेटर, मनोरमा सोनी द्वारा पंचायत रिपोर्ट कार्ड का वाचन कर ग्रामीणो को ग्राम पंचायत के अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के पंजीकृत परिवारो की संख्या वितरित जाब कार्ड विवरण सामाजिक अंकेक्षण अवधि में संपन्न कार्यो की जानकारी से ग्राम सभा को अवगत कराया गया. सामाजिक एनिमेटर सोनी ने किये गये कार्यो की सूची का वाचन कर ग्रामीणजनो को वित्तीय वर्ष 2025-26 में कराये गये 46 प्रधानमंत्री आवास,एक खेत तालाब के कार्यो एवं 7 सामुदायिक कार्यो जिसमें 3 सीसी रोड,2 सीसी नाली निर्माण कार्य,2 डगवेल रिचार्ज फिट की जानकारी से ग्रामसभा को अवगत कराया. ग्रामीणो को बताया गया कि इन निर्माण कार्यो पर वर्तमान अवधि तक 13 लाख 46 हजार 90 रूपये का व्यय हुआ है. वर्ष के दौरान 49 कार्यो को पूर्ण कर लिया गया है. प्रपत्र 2 का वाचन कर कुशल एवं कुशल मजदूरी पर व्यय किये गयी राशि से ग्रामीणो को अवगत कराया गया. इस अवसर पर शासकीय माध्यमिक शाला की बाउंड्रीवाल बनाये जाने का प्रस्ताव बबीता दुबे द्वारा रखा गया जिसे सर्वसम्मिति से पारित किया गया.

### महिला मंडल ने गुरुकुल में कराया भोजन

**इटारसी.** श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज महिला मंडल इटारसी की पदाधिकारियों ने जमानी गुरुकुल का दौरा कर विद्यार्थियों को भोजन कराया और उनके साथ आत्मीय संवाद किया. इस दौरान बच्चों की आवश्यकताओं की जानकारी भी ली गई. पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए महिला मंडल ने गुरुकुल परिसर में पौधरोपण किया. महिला मंडल की अध्यक्ष अर्चना मालवीय ने बताया कि संस्था आगे भी 'एक वृक्ष प्रकृति के नाम'अभियान के तहत नियमित पौधरोपण करती रहेगी. कार्यक्रम में सचिव किरण मालवीय, संरक्षक भारती मालवीय, ममता मालवीय, प्रभा मालवीय, सलाहकार निर्मला मालवीय, उपाध्यक्ष रश्मि मालवीय, ललिता मालवीय, संगठन मंत्री हीरा मालवीय सहित महिला मंडल की अनेक सदस्य उपस्थित रहीं.

# नीट परीक्षा में आयुषी को मिली सफलता

**हरदा. नीट (यूजी) 2026 परीक्षा में 720 में से 666 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 657 हासिल करने वाली हरदा की प्रतिभाशाली छात्रा कु. आयुषी शर्मा के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सर्व ब्राह्मण समाज संगठन ने उनके निवास पहुंचकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया. समाज के पदाधिकारियों ने आयुषी का पुष्पगुच्छ, शॉल एवं सम्मान-पत्र भेंट कर अभिनंदन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं की.**



इस अवसर पर संगठन के जिला अध्यक्ष सुनील तिवारी एडवोकेट ने कहा कि आयुषी ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन से न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे हरदा जिले और ब्राह्मण समाज का नाम गौरवान्वित किया है. उनकी यह सफलता जिले के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है. सम्मान समारोह के दौरान समाज के स्नेह और सम्मान को देखकर आयुषी की माता दुर्गा शर्मा भावुक हो गईं. उन्होंने कहा कि हम धन्य हो गए कि समाज ने हमारी बिटिया का इतना सम्मान किया. यह पल हमारे परिवार के लिए जीवनभर यादगार रहेगा. समाज का यह स्नेह और आशीर्वाद हमारी बेटी को आगे बढ़ने की नई प्रेरणा देगा.

## डॉक्टर का पर्चा बनवाने के नाम पर साइबर ठगी

**नर्मदापुरम.** शहर के समीपस्थ माखन नगर थाना क्षेत्र में साइबर ठगों ने डॉक्टर का पर्चा बनवाने के बहाने हेमंत पुरोहित से 99 हजार 998 रुपए की ऑनलाइन ठगी कर ली. ठगों ने युवक को फोन कर डॉक्टर का पर्चा बनवाने के लिए रजिस्ट्रेशन कराने की बात कही और एक ऑनलाइन फॉर्म भेजा.युवक ने फॉर्म में अपना नाम और उम्र जैसी सामान्य जानकारी भर दी, जिसके बाद ठगों ने रजिस्ट्रेशन पूरा होने की बात कही. कुछ ही देर बाद उनका मोबाइल अचानक हैंग हो गया. मोबाइल सामान्य होने पर उसने देखा कि उसके बैंक खाते से दो अलग-अलग ट्रांजैक्शन में कुल 99,998 रुपए ट्रांसफर हो चुके हैं. घटना 12 जुलाई की बताई जा रही है.

## सड़क पर बह रहा गंदा पानी राहगीर और दुकानदार परेशान

**सिराली, 19 जुलाई. सिराली-हरदा मार्ग पर नाली निर्माण नहीं होने से कुछ घरों और दुकानों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि इस समस्या की शिकायत कई बार नगर परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों से की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई.**



लगातार पानी बहने से सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को आवागमन में दिक्कत हो रही है. दुकानदार श्याम विश्वकर्मा, गौरव पाटिल और राधा मोहन विश्वकर्मा ने बताया कि सड़क पर जमा गंदा पानी वाहनों के गुजरने पर उछलकर उनके, कर्मचारियों और ग्राहकों के कपड़ों पर पड़ता है, जिससे रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है. स्थानीय लोगों ने नगर परिषद से जल्द नाली निर्माण कर समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है.

## वार्ड 11-12 की बदहाल सड़कों को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन



**नवभारत न्यूज**
**इटारसी, 19 जुलाई .** वार्ड क्रमांक 11 और 12 में लंबे समय से लंबित सीमेंट सड़क निर्माण तथा नागरिक सुविधाओं की बदहाली को लेकर कांग्रेस नेताओं ने क्षेत्र का दौरा कर स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं. वार्ड 12 के पूर्व पार्षद रजनीकांत सोनकर के नेतृत्व में जिला एवं नगर कांग्रेस पदाधिकारियों ने सड़क और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया.

दौरे के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह क्षेत्र का प्रमुख आवागमन मार्ग है, लेकिन सड़क की हालत बेहद खराब होने से आए दिन वाहन पंचर हो रहे हैं और स्कूली बच्चों सहित आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने जनहित में सड़क का निर्माण शीघ्र शुरू कराने की मांग की.

## रेलवे स्टेशन के पास डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा लगाने की मांग तेज

**इटारसी.** रेलवे स्टेशन से करीब 500 मीटर दूर स्थित खाली भूखंड पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर भाजपा एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया. भाजपा जिला महामंत्री मुकेश चंद्र मैना, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश चौधरी सहित पदाधिकारियों ने रेलवे प्रशासन से शीघ्र अनुमति देने की मांग की. नेताओं ने कहा कि सांसद दर्शनसिंह चौधरी द्वारा रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव और डीआरएम भोपाल को पत्र भेजने के बावजूद अब तक स्वीकृति नहीं मिली है. प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में अवैध वेंडरों का अतिक्रमण है.

# जैविक खेती से ही सुरक्षित होगा भविष्य

**नवभारत न्यूज़**
**नर्मदापुरम. भविष्य में जमीन और जीवन को सुरक्षित रखने के लिए जैविक खेती सबसे प्रभावी विकल्प है. रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के दुष्प्रभावों से बचते हुए स्वस्थ समाज और स्वच्छ पर्यावरण का निर्माण जैविक खेती के माध्यम से किया जा सकता है. यह विचार नर्मदापुर युवा मंडल नर्मदापुरम के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश खंडेलवाल ने ग्राम रोहना में विद्यार्थियों से संवाद के दौरान व्यक्त किए.**



डॉ. खंडेलवाल ने बताया कि नर्मदापुर युवा मंडल द्वारा स्कूली बच्चों के साथ जैविक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक पायलट प्रोजेक्ट प्रारंभ किया जा रहा है. इसके अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बच्चों के घरों में उपलब्ध अनुपयोगी भूमि तथा छतों पर जैविक तरीके से सब्जी उत्पादन की छोटी-छोटी इकाइयाँ स्थापित की जाएंगी. विद्यार्थियों से चर्चा के दौरान बच्चों ने इस पहल में उत्साहपूर्वक सहयोग देने का आश्वासन दिया. उन्होंने कहा कि जैविक खेती से न केवल पर्यावरण और भूमि की उर्वरा शक्ति सुरक्षित रहेगी, बल्कि लोगों को पौष्टिक एवं रसायनमुक्त सब्जियां भी प्राप्त होंगी.

# कांग्रेस ने दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में संगठन मजबूती पर दिया जोर

**इटारसी. अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन अभियान के तहत इटारसी स्थित होटल एक्सप्रेस-11 में नर्मदापुरम और हरदा जिले के ब्लॉक अध्यक्षों, नगर अध्यक्षों एवं मंडलम अध्यक्षों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ.**




शिविर में संगठन को मजबूत बनाने, पार्टी की रीति-नीति तथा नेतृत्व कौशल पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया. जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत 'गुड्डन' पांडेय के नेतृत्व में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी की. वक्ताओं ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से संगठन में नई सोच, नई ऊर्जा और कार्यशैली का संचार हुआ है, जिससे आगामी चुनावों में पार्टी को मजबूती मिलेगी. कार्यक्रम के समापन पर आयोजन में सहयोग देने वाले सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया. नेताओं ने विश्वास जताया कि संगठन की एकजुटता और कार्यकर्ताओं के समन्वय से जिले में कांग्रेस को और मजबूत बनाया जाएगा तथा भविष्य में नगरीय निकायों और विधानसभा चुनावों में बेहतर प्रदर्शन के लिए पूरी ताकत से कार्य किया जाएगा.

## इटारसी में संस्कृति संरक्षण का दिया संदेश

**इटारसी.** इटारसी के द पार्क सिनेमा में रविवार को सिंधी फिल्म 'हा मां भी सिंधी अहिंयां' के विशेष प्रदर्शन ने सिंधी समाज के लिए सांस्कृतिक उत्सव का रूप ले लिया. पूज्य पंचायत सिंधी समाज के आयोजन में 250 से अधिक लोगों ने भाग लिया. वरिष्ठजन, युवा, महिलाएं और बच्चों की उपस्थिति से शो हाउसफुल रहा और समाज की मातृभाषा व सांस्कृतिक विरासत के प्रति गहरा जुड़ाव देखने को मिला. भगवान मुक्ता चंदानी निर्मित और आर.के. गिडवानी निर्देशित फिल्म मातृभाषा के महत्व और सांस्कृतिक पहचान के संरक्षण का संदेश देती है. आयोजन के दौरान समाज की ओर से सभी प्रतिभागियों के लिए स्वल्पाहार और मिल्क शेक की व्यवस्था भी की गई.

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 260 वरिष्ठ नागरिक हरिद्वार-ऋषिकेश रवाना



**इटारसी, 19 जुलाई . मध्य प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत नर्मदापुरम जिले के 260 वरिष्ठ नागरिकों को रविवार को हरिद्वार-ऋषिकेश की नि:शुल्क तीर्थ यात्रा के लिए इटारसी से रवाना किया गया.**

नगर पालिका के सामाजिक सुरक्षा विभाग ने ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में यात्रियों का स्वागत, जलपान एवं यात्रा टिकट वितरण किया. इसके बाद सभी श्रद्धालु दोपहर 1:30 बजे विशेष ट्रेन से हरिद्वार-ऋषिकेश के लिए रवाना हुए. यह दल 22 जुलाई को यात्रा पूर्ण कर वापस लौटेगा. कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को नि:शुल्क तीर्थ यात्रा का अवसर मिल रहा है. सरकार यात्रा, भोजन, आवास सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराकर बुजुर्गों की वर्षों पुरानी धार्मिक इच्छा पूरी कर रही है.

**अभियान** ▸ दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान 3 .0 के तहत कलेक्टर ने ग्राम रोहना में पशुपालकों से संवाद किया

# दुग्ध उत्पादन बढ़ाने वैज्ञानिक पशुपालन तकनीकों को अपनाएं पशुपालक : कलेक्टर

**नवभारत न्यूज़**
**नर्मदापुरम, 19 जुलाई . मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेशभर में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने तथा पशुपालकों को वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 'दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान' 3.0 संचालित किया जा रहा है. अभियान के तहत विशेष रूप से ऐसे पशुपालकों को शामिल किया गया है, जिनके पास 3 से 4 गौवंशीय अथवा भैंसवंशीय पशु हैं.**



विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी पशुपालकों से सीधे संवाद स्थापित कर उन्हें पशु नस्ल सुधार, संतुलित पशु आहार, हरे चारे के बेहतर प्रबंधन, पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण, मौसमी बीमारियों की रोकथाम, नियमित टीकाकरण तथा वैज्ञानिक पशुपालन की आधुनिक तकनीकों की जानकारी प्रदान कर रहे हैं.

इसी क्रम में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने ग्राम रोहना पहुंचकर पशुपालक सत्येंद्र सिंह चौहान के निवास पर गृह भेंट की. उन्होंने वहां उपलब्ध पशुओं का अवलोकन कर पशुपालक से चर्चा की तथा दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए पशुओं के संतुलित पोषण एवं बेहतर प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की बात कही. कलेक्टर ने सभी पशुपालकों से गौरस ऐप डाउनलोड कर उसका नियमित उपयोग करने की अपील की तथा गौशालाओं में स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया. उन्होंने ग्राम में नस्ल सुधार के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना भी की. कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि पशुपालन विभाग द्वारा संचालित इस अभियान के माध्यम से पशुपालकों को तकनीकी रूप से नस्ल सुधार, वैज्ञानिक पशु पोषण एवं बेहतर पशु स्वास्थ्य प्रबंधन अपनाने के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है, जिससे दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के साथ उनकी आय में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हो सके.

> कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय का निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्थाओं एवं परिवहन विभाग के अंतर्गत संचालित गतिविधियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागीय कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए अधिकारियों को पारदर्शी एवं समयबद्ध कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उन्होंने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रमोद कापसे को निर्देशित किया कि परिवहन विभाग से संबंधित सभी सेवाएं, वाहन पंजीयन सहित अन्य समस्त कार्य विभाग द्वारा निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही किए जाएं।

# 24 हजार गायत्री मंत्र जाप-कुंडीय यज्ञ संपन्न

**नर्मदापुरम, 19 जुलाई . गायत्री परिवार नर्मदापुरम द्वारा सकारात्मक ऊर्जा के प्रसार और पर्यावरण शुद्धि के उद्देश्य से आयोजित की जा रही 24 हजार गायत्री मंत्र जाप एवं एक कुंडीय यज्ञ श्रृंखला का 10वां आयोजन अंकिता नगर में संपन्न हुआ. कार्यक्रम डोरीलाल यादव के निवास पर वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ आयोजित किया गया.**



इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने 24 हजार गायत्री मंत्रों का सामूहिक जाप किया और यज्ञ कुंड में आहुतियां अर्पित कीं. श्रृंखला के 10वें आयोजन के साथ अब तक कुल 2 लाख 40 हजार गायत्री मंत्रों का जाप और 10 एक कुंडीय यज्ञ पूर्ण हो चुके हैं.

गायत्री परिवार के महेश ठाकुर ने बताया कि समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से यह अभियान शहर के अलग-अलग स्थानों पर लगातार आयोजित किया जा रहा है. कार्यक्रम में गायत्री परिवार के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी शामिल हुए. सभी ने सामूहिक प्रार्थना और यज्ञ के माध्यम से समाज कल्याण की कामना की.